भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3629

17 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: स्वच्छ पौध कार्यक्रम

3629. श्री विष्णु दत्त शर्मा:
डॉ. रानी श्रीकुमार:

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के अंतर्गत स्वच्छ पौध कार्यक्रम (सीपीपी) को मंजूरी दे दी है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली तथा विषाणुमुक्त रोपण सामग्री उपलब्ध कराकर देश के बागवानी क्षेत्र में सुधार लाना है और इससे देशभर में नौ विश्वस्तरीय अत्याधुनिक स्वच्छ पौध केन्द्रों की स्थापना करके उनकी फसल की पैदावार, बेहतर स्वाद, रूप-रंग और फसलों के पौष्टिकता मूल्य में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का सीपीपी के अंतर्गत छतरपुर जिले और तमिलनाडु के खजुराहो में क्लीन प्लांट केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) स्वच्छ पौध केन्द्र (सीपीसी) की स्थापना के लिए चयनित स्थानों और स्थानों के चयन के लिए अपनाए गए मानदण्डों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार का निकट भविष्य में देश के बागवानी उत्पादन में लगभग 7-8 प्रतिशत का योगदान देने वाले तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों में इस कार्यक्रम का विस्तार करने का प्रस्ताव है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) : जी, हाँ।

(ख) : जी, हाँ।

(ग) और (घ) : जी, नहीं। तथापि, रोग की गंभीरता (प्रसार), निदान पद्धति की उपलब्धता, उपभोक्ता मांग अनुमान, वर्तमान उत्पादन, वाणिज्यिक नर्सरी अनुरोध और वाणिज्यिक लाभ के मानदंडों के आधार पर स्वच्छ पौध कार्यक्रम के अंतर्गत देश में क्लीन प्लांट केन्द्रों की स्थापना के लिए निम्नलिखित लोकेशन्स को चिन्हित किया गया है:-

क्र. सं.	क्लीन प्लांट केंद्र की लोकेशन	प्रस्तावित लक्ष्यित फसलें
1.	राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र (एनआरसीजी), पुणे, महाराष्ट्र	अंगूर
2.	केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर (एडीबी ऋण के बिना)	सेब, बादाम, अखरोट, जामुन, अन्य समशीतोष्ण फल
3.	केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच), लखनऊ उत्तर प्रदेश	आम, अमरूद, लीची
4.	केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), मुक्तेश्वर, उत्तराखंड	सेब, बादाम, अखरोट, जामुन, अन्य समशीतोष्ण फल
5.	केंद्रीय नींबू वर्गीय अनुसंधान संस्थान (सीसीआरआई), नागपुर, महाराष्ट्र	नींबू वर्गीय
6.	राष्ट्रीय अनार अनुसंधान केंद्र (एनआरसीपी), सोलापुर, महाराष्ट्र	अनार
7.	भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर), बेंगलुरु, कर्नाटक	आम, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, एवोकैडो
8.	केंद्रीय शुष्क बागवानी संस्थान (सीआईएएच), बीकानेर, राजस्थान	नींबू वर्गीय
9.	आईसीएआर-पूर्वी भारत बागवानी केंद्र, सीआईएसएच आरएस, मालदा, पश्चिम बंगाल	उष्ण और उपोष्ण फल फसलें

(ङ): स्वच्छ पौध कार्यक्रम (सी.पी.पी.) का लाभ तमिलनाडु सहित देश के सभी चुनिंदा फल फसलों की खेती में लगे किसानों को सी.पी.पी. के तहत मान्यता प्राप्त नर्सरियों के नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।

*****